
हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
**रोहतक**, सोमवार, 3 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.6 डिग्री
न्यूनतम 13.9 डिग्री

12 एलसीएलओ कर्मचारियों का क्रमिक अनशन जारी




12 गाय माता के भीतर 33 करोड़ देवी देवताओं...



# आदिकाल में औशनस के नाम से मशहूर रह चुका श्रीकपालमोचन तीर्थस्थल

## प्राचीन काल में तीनों हवन कुंड प्लक्ष, सोम सरोवर व ऋण मोचन के नाम से रहे हैं प्रसिद्ध




**सरोवर पर गाय व बछड़े की स्थापित हैं प्रतिमाएं**

सोमसर सरोवर के पश्चिमी तट पर राम आश्रम घाट के नजदीक आज भी गाय और बछडे की कालें रंग की और पूर्वी तट पर प्राचीन मन्दिर में गाय व बछड़े की सफेद रंग की मूर्तियां स्थापित हैं। पुराणों में बताया गया है कि भगवान शंकर के ब्रहम हत्या के कपाली दोष से छुटकारा मिलने के कारण इस सोम सरोवर का नाम कपाल मोचन हो गया।

भगवान सिंह राणा ▶▶ यमुनानगर

आदिकाल में द्वैतवन में स्थित कपालमोचन तीर्थस्थल के नाम से प्रसिद्ध हो चुका तीर्थस्थल पहले औशनस के नाम से मशहूर रह चुका है। यह तीर्थ स्थल असूरों के गुरु शुक्राचार्य की तपोस्थली रह चुका है। स्कंध पुराण के मुताबिक शुक्राचार्य का नाम उशनस था। इस वजह से यह तीर्थ स्थल पहले औशनस और बाद में श्रीकपाल मोचन तीर्थ स्थल के नाम प्रसिद्ध हो गया। आदिकाल में ब्रह्मा जी ने द्वैतवन स्थित औशनस तीर्थ स्थल पर पदमकाल में यज्ञ करवाने के लिए तीन हवन-कुंडो का निर्माण करवाया। जिनके नाम प्लक्ष, सोम सरोवर व ऋण मोचन रखे गए। वर्तमान में जो श्री कपालमोचन सरोवर, ऋम मोचन सरोवर सूर्य कुंड के नाम से प्रसिद्ध हो गए।



**यमुनानगर।** श्री कपालमोचन तीर्थ स्थल पर सोमसरोवर में भरा लबालब पवित्र जल और सरोवर तट पर जुटे श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

### ऋषियों ने रखा हवन कुंड का नाम सोमसर

ब्रहमा जी तीर्थ स्थल पर पदमकाल में यज्ञ संपन्न करने के बाद जब अपने ब्रह्मलोक चले गए। तब वहां पर हवन यज्ञ में पहुंचे ऋषि मुनियों ने भी अपने गंतव्य पर जाने की तैयारी शुरु कर दी। इस दौरान ऋषि मुनियों ने यज्ञ के दौरान उनकी सेवा कर रहे ब्राह्मण लड़के से स्नान के लिए सरस्वती नदी से पवित्र जल लाने के लिए कहा। ब्राह्मण के लड़के को सरस्वती नदी से जल लाने में देरी हो गई तो ऋषि मुनियों ने गुस्से में आकर उस द्वारा लाया गया जल उसी लड़के के ऊपर फेंक दिया। उसमें से कुछ जल यज्ञ के हवन कुण्ड में गिर गया। इस दौरान ऋषि मुनियों ने ब्राह्मण के लड़के को श्राप दे दिया कि तू कभी गाय के पेट से तो कभी किसी अन्य योनी में जन्म लेगा। लड़के ने ऋषि मुनियों से श्राप समाप्त होने के बारे में मिन्नत की। जब ऋषियों ने बताया कि हवन कुण्ड में पड़ा जल ही तेरा सातवें जन्म में गाय के पेट से पैदा होने के बाद उद्घार करेगा। बताया गया है कि यज्ञ हवन कुण्ड में ऋषियों द्वारा फैंके गए जल में अमृत उत्पन्न हुआ और ऋषियों मुनियों ने इसका नाम सोमसर रखा।

## सोमसर में स्नान करने से भगवान भोले शंकर का ब्रह्म कपाली का दोष हुआ दूर

- श्रीकपाल मोचन तीर्थ सरोवर के पूर्वी तट पर बने मंदिर में स्थापित हैं गऊ बच्छा की मूर्तियां
- यज्ञ में लिया था करोड़ो देवी देवता व ऋषि मुनियों ने भाग

पुराणों के अनुसार द्वैतवन में श्रापित हुआ लड़का अपने सातवें जन्म में सोमसर तालाब के नजदीक रह रहे देव शर्मा के घर गाय के पेट से बछड़े के रुप में पैदा हुआ। इस दौरान कलियुग के प्रभाव से ब्रहमा जी ने अपने मन में जब सरस्वती के प्रति बुरे विचार रखे तो भगवान शिव ने उनका सिर काट दिया। जिससे भगवान शंकर को ब्रह्म कपाली का दोष लगा। इस दौरान भगवान शंकर ने सभी तीर्थों में स्नान किया। मगर ब्रहम कपाली का दोष दूर नहीं हुआ। बाद में भगवान शंकर व मां पार्वती सोमसर तालाब के निकट रह रहे देव शर्मा ब्राह्मण के घर रात्रि विश्राम के लिए पहुंचे। इस दौरान भगवान शंकर समाधि में लीन हो गए और मां पार्वती उनके ऊपर लगे ब्रहम हत्या दोष की वजह से चिंता होने से सो नहीं सकी। इसी बीच बछड़े ने अपनी मां गाय को कपाली दोष दूर करने की कथा बताई। जिसे मां पार्वती ने सुन लिया और सुबह होते ही शंकर ने सोमसर तालाब में स्नान किया। जिससे उनका ब्रह्मकपाली का दोष दूर हुआ और गाय व बछड़े को दर्शन देकर उनका भी उद्धार किया।

---

## खबर संक्षेप

### नशीला पदार्थ रखने का आरोपी गिरफ्तार



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के आरोपी राजीव कुमार वासी रविदास कॉलोनी लाडवा को काबू करके 11 ग्राम हैरोइन बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-निर्देश में शनिवार शाम को थाना लाडवा, अपराध अन्वेषण शाखा-लाडवा व एंटी नारकोटिक्स सैल की टीमों ने डाग स्क्वायड के साथ कस्बा लाडवा के विभिन्न क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया। पुलिस ने इस अभियान के तहत एक आरोपी राजीव वासी रविदास कॉलोनी लाडवा को नशीला पदार्थ रखने के आरोप में काबू किया। आरोपी की तलाशी लेने पर उनके कब्जा से 11 ग्राम हैरोइन बरामद हई।

### गांव शाहपुर में नकली पेंट की खेप पकड़ी

**पानीपत।** पानीपत के गांव शाहपुर में संगम पेंट्स नामक दुकान पर दबिश देकर नकली पेंट की खेप पकडी गई है। पुलिस ने दुकान से 35 बाल्टी नकली पेंट बरामद ककिया है। इस कार्रवाई में नेरोलैक कंपनी के अधिकारी रचना कपूर भी इसराना पुलिस के साथ शामिल थे। इसराना पुलिस ने संगम पेंट्स पर केस दर्ज किया और संचालक मुकेश के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में पिता की मौत, पुत्री गंभीर

**पानीपत।** पानीपत के गांव नांगल खेडी के पास कार की टक्कर लगने से संदीप पुत्र सुमेर चंद निवासी गांव बबैल की मौत हो गई। जबकि इसकी पुत्री जैश घायल हो गई। वहीं बाइक चला रहा करनैल बाल बाल बच गया। इधर, हुडा औद्योगिक सेक्टर 29 थाना पुलिस ने बताया कि संदीप, जैश व करनैल बाइक पर सवार थे और विवाह समारोह में शिरकत कर वापस गांव बबैल लौट रहे थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद संदीप का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और कार के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शवगृह के सात डीप फ्रीजर खराब, मुसीबत

**पानीपत।** पानीपत के सिविल अस्पताल के शवगृह के सात डीप फ्रीजर खराब हो गया है। इसके चलते यहां पर शवों को रखने में भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इधर, स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय मलिक ने बताया कि डीप फ्रीजर सही कराने के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा है। जल्द ही डीप फ्रीजर्स को सही कराया जाएगा।

---

## मुख्यमंत्री ने समालखा में आयोजित 78वें निरंकारी संत समागम में शिरकत की

# समाज सेवा में भी अग्रणी है निरंकारी मिशन: सीएम सैनी

**निरंकारी मिशन ने जाति धर्म, भाषा, क्षेत्र के भेद से ऊपर उठकर मानव को दिखाया एकता का मार्ग**

▶▶ *निरंकारी संत समागम के प्रतिनिधियों की ओर से मुख्यमंत्री को शॉल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। मौके पर पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह समेत बडी संख्या में प्रशासनिक, पुलिस अधिकारी, समाजसेवी, गणमान्य लोग उपस्थित रहे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा (पानीपत)

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने निरंकारी संत समागम में रविवार को उपस्थित लाखों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि निरंकारी मिशन ने जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के भेद से ऊपर उठकर मानव को एकता का मार्ग दिखाया है। इस मिशन ने वर्षों से समाज में प्रेम एकता मानवता और ईश्वर ज्ञान का संदेश फैला है। जब भी इस तरह के कार्यक्रमों में श्रद्धालु एक छत के नीचे एक नाम और एक भावना के साथ एकत्रित होते हैं तब यह धरती शांति और करुणा की जीवंत मिसाल बन जाती है।

### हर इंसान के भीतर है ईश्वर

उन्होंने कहा कि निरंकारी मिशन हमें सिखाता है कि ईश्वर कोई दूर की सत्ता नहीं बल्कि हमारे भीतर ही निवास करता है। जब हम अपने भीतर के उसे परमात्मा को पहचान लेते हैं तो हमें हर इंसान में उसे प्रभु का अंश दिखाई देने लगता है, तब ना कोई भेद रहता है ना कोई दीवार। तभी सच्चे अर्थों में हम कहते हैं कि मनुष्य को मनुष्य से जोड़ो और यही निरंकारी मिशन की आत्मा है।



### सच्चा सेवक वही जो दूसरों के लिए जीता है

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि निरंकारी मिशन केवल आध्यात्मिक तक ही सीमित नहीं है बल्कि समाज सेवा में भी अग्रणी है, मिशन के द्वारा रक्तदान, वृक्षारोपण अभियान,शिक्षा में सहायता और आपदा प्रबंधन के कार्यों में अभूतपूर्व कार्य किया है और यह सिद्ध किया है कि सच्चा सेवक वही है जो दूसरों के लिए जीता है। मिशन ने इस बार आत्म मंथन के साथ पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति और जन कल्याण से जुड़ी कई गतिविधियां भी आरंभ की है जो की आत्म मंथन का ही विस्तार है क्योंकि जब मानव स्वयं में सुधार लाता है तभी समाज और राष्ट्र का सुधार संभव हो पाता है।

### सम्मानित किया

आत्म मंथन का साधन समागम मुख्यमंत्री सैनी ने समालखा में आयोजित 78 वें निरंकारी संत समागम में उपस्थित श्रद्धालुओं को हृदय की गहराइयों से अपनी बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि संत निरंकारी मिशन वर्षों से सेवा भाव का संवाहक रहा है। उन्होंने कहा कि आज के समय में अक्सर बाहरी जगत को सुधारने में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि अपने भीतर ही झांकना भूल जाते हैं। यहां आयोजित इस संत समागम में आत्म मंथन करने का जो अवसर मिला है उससे यह हम सबको निरंकार के और निकट लाता है। आत्म मंथन का अर्थ है कि अपने अंतर्मन में उतरकर यह देखना कि मैं वही कर रहा हूं जो एक अच्छे इंसान को करना चाहिए और हम सबके भीतर करुणा,दया और प्रेम जीवित है।



### मानवता का आधार है प्रेम

सैनी ने कहा कि हमें आचरण, अपनी दृष्टि और अपने कर्म को ही शुद्ध बनाकर ही हम राष्ट्र निर्माण में सार्थक भूमिका निभा सकते हैं। बाबा हरदेव सिंह, माता सविंदर हरदेव, सद्गुरु माता सुदीक्षा के मार्गदर्शन में इस मिशन ने विश्व भर में यह संदेश फैलाया है कि पहले मनुष्य बनो यानी प्रेम, सहयोग और समर्पण को अपने जीवन की मूल भावना बनाएं। यह शिक्षा आज की विभाजित दुनिया के लिए अमृत समान है। यही संदेश निरंकारी राज पिता रमित जगह-जगह विश्व भर में फैला रहे हैं। इस समागम के माध्यम से समाज में सेवा, सहिष्णुता और सद्भाव की भावना का संचार होता है और यहां का अनुशासन, विनम्रता और परोपकार की मिसाल समाज के हर नागरिक के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

---

## डंपर चालक ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर ही तोड़ा दम



- पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

**अंबाला।** अंबाला कैंट के महेश नगर स्थित ब्रह्माकुमारी चौक के पास दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक की पहचान शहजादपुर के फडौली गांव के 57 वर्षीय रेशम सिंह के रूप में हुई है। वह जनस्वास्थ्य विभाग में पंप ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। डंपर ड्राइवर मौके से फरार हो गया, जबकि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार दोपहर करीब एक बजे रेशम सिंह अपनी बाइक पर बब्याल-वशिष्ठ नगर की ओर से ब्रह्माकुमारी चौक की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान अंबाला-जगाधरी नेशनल हाईवे पर पहुंचते ही एक तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बाइक कई मीटर तक घिसटती चली गई और रेशम सिंह सड़क पर गिर पड़े। तभी डंपर का पिछला पहिया उनके सिर से गुजर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची महेश नगर थाना पुलिस ने शव को सड़क से हटवाया और यातायात को नियंत्रित किया। दुर्घटना के बाद डंपर ड्राइवर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में लेकर ड्राइवर की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद अंबाला-जगाधरी मार्ग पर लंबा जाम लग गया। कई किमी तक वाहनों की कतारें लग गईं। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बाइक और डंपर को हटवाया, जिसके बाद यातायात बहाल हो सका।

---

## एक महीने से धरने पर डटे कर्मचारी, एचकेआरएन से जोड़े जाने की मांग

**करनाल।** हरियाणा सरकार द्वारा सितंबर 2021 में एचकेआरएन पॉलिसी बनाई गई थी। उस पॉलिसी के तहत सभी कर्मचारियों को एचकेआरएन पोर्टल पर चढ़ाया जाए। इस मांग को लेकर रोहतक पीजीआई में काम करने वाले कर्मचारी पिछले एक महीने से जिला सचिवालय के सामने धरने पर डटे हुए हैं। महिला कर्मचारी भी दिन रात फुटपाथ पर बैठने को मजबूर हो गई हैं। इन कर्मचारियों को उम्मीद थी हरियाण दिवस के दिन सरकार उनकी मांग को पूरा करने की घोषणा करेगी, फिलहाल हरियाणा सरकार ने कोई सुनवाई नहीं की है। अनुबंध कर्मचारी हेल्थकेयर रोहतक एसोसिएशन का कहना है कि कर्मचारियों को बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। खेद की बात है कि सभी त्योहार कर्मचारियों को फुटपाथ पर बैठकर मनाने पड़े। प्रधान राकेश और कैशियर अमित ने कहा कि पीजीआईएमएस रोहतक में कार्यरत 1271 कर्मचारी एचकेआरएन पोर्टल से जोड़े जाने की मांग को प्रमुख तौर पर उठाया जा रहा है। उनका कहना है कि हरियाणा ने काफी संख्या में कर्मचारियों को एचकेआरएन से जोड़ा गया है।


- सभी त्योहार कर्मचारियों को फुटपाथ पर बैठकर मनाने पड़े



हमारी अनदेखी क्यों की गई। बीती 26 सितंबर को रोहतक से पैदल मार्च की शुरूआत की गई थी। 29 सितंबर की शाम को वह करनाल पहुंच गए। यहां जाट धर्मशाला में पुलिस प्रशासन ने उन्हें नजरबंद करके रखा। चंडीगढ़ की ओर नहीं बढने दिया गया। दूसरी ओर रोहतक में हड़ताल और धरना जारी है। एसोसिएशन ने जॉब सिक्योरिटी पत्र जारी करने की मांग भी की है। इस अवसर पर प्रधान राकेश, सचिन, कैशियर अमित, परीक्षित, उर्मिला, प्रदीप, नीलम, अमन, मनीष व देवेंद्र आदि मौजूद रहे।

---

## मंत्री गंगवा ने 11 लाख का अनुदान चेक धर्मशाला की प्रबंधन समिति को सौंपा



**करनाल।** सेक्टर चार में प्रजापति समाज की धर्मशाला का निर्माण किया जा रहा है। धर्मशाला के भव्य निर्माण के लिए हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने 11 लाख रुपए की अनुदान राशि का चैक धर्मशाला की प्रबंधन समिति को सौंपा। बीती 13 जुलाई को गुरु दक्ष प्रजापति जयंती राज्य स्तरीय समारोह में मंत्री ने हर संभव सहायता का वादा किया था। एसडीओ धर्मवीर आर्य, राममेहर ठेकेदार व धर्मशाला के अन्य पदाधिकारियों ने मंत्री रणबीर गंगवा व हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सभी महापुरुषों के सम्मान में राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सभी समाजों की धर्मशालाएं बनाने में सरकार आर्थिक सहयोग कर रही है। प्रजापति समाज की करनाल में भव्य धर्मशाला बनाई जाएगी। मंत्री ने अधिक से अधिक सहयोग का वादा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार वंचितों, दलितों, पिछड़ों, किसानों व कमेरे वर्ग की सुध लेने वाली सरकार है। सीएम नायब सिंह सैनी हर वर्ग के विकास की सोच के साथ कार्य कर रहे हैं। सर्व समाज के लोगों को उनके अधिकार दिलाने का काम सरकार ने कियाय है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। संकल्प पत्र में जो वादे किए गए थे उन्हें पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करनाल में प्रजापति धर्मशाला के निर्माण में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। सरकार की ओर से हर संभव सहयोग किया जाएगा। इस मौके पर मेयर रेणु बाला गुप्ता, विधायक राम कुमार कश्यप, भाजपा जिला प्रधान प्रवीण लाठर, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, भाजपा किसान सेल चेयरमैन विनोद राणा, एसडीओ धर्मवीर आर्य, राममेहर ठेकेदार, कृष्ण उपलानी, साहिल, मोहित चौगामा, अमन चौगामा, मुकेश काछवा, सुनेहरा राम, बलबीर प्रधान, हरिचंद प्रबंधक, कैशियर नाथीराम, मंगतराम, बीपीएचओ महासचिव विनोद, सचिन प्योंत व मनीत रोडिया आदि मौजूद रहे।

---

## 69वें राष्ट्रीय कुश्ती खेलों के विजेता पहलवानों को मिलेगा देसी धी

# राष्ट्रीय कुश्ती में हरियाणा के पहलवानों का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज में चल रही 69वें राष्ट्रीय कुश्ती अंडर 19 खेलों के दूसरे दिन रविवार को पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। वहीं मुकाबलों में पहलवानों ने अपना दमख़म दिखाया।

इधर, लड़की वर्ग में 68, 72 व 76 किलो भार वर्ग तथा लड़कों के वर्ग में 92, 97 व 125 किलो भार वर्ग वाले खिलाड़ियों के मुकाबले हुए। लड़कियों के 68 किलो भार वर्ग में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल में महाराष्ट्र ने पंजाब को तथा हरियाणा ने छत्तीसगढ़ी को हराया। जबकि फाइनल में महाराष्ट्र ने हरियाणा को हराया। जिसमें महाराष्ट्र की रोशनी ने स्वर्ण पदक, हरियाणा की अंकुश ने रजत पदक व उत्तर प्रदेश की आंशिक यादव और छत्तीसगढ़ की दीया बजाज ने कांस्य पदक जीते। जबकि लड़कियों के 72 किलो भार वर्ग में कुल 18 टीमों ने भाग लिया।



पानीपत। 69वें राष्ट्रीय कुश्ती में पहलवानों का हाथ मिलवाते अतिथिगण।

### फाइनल में हरियाणा ने दिल्ली को हराया

सेमीफाइनल में हरियाणा ने कर्नाटका को तथा दिल्ली ने उत्तर प्रदेश को हराया। फाइनल में हरियाणा ने दिल्ली को हराया, जिसमें हरियाणा की चंचल ने स्वर्ण पदक, दिल्ली की भारती ने रजत पदक व कर्नाटक की मनीषा और उत्तर प्रदेश की पायल यादव ने कांस्य पदक जीते। वहीं, लड़कियों के 76 किलो भार वर्ग में कुल 19 टीमों ने भाग लिया । सेमीफाइनल में हरियाणा ने कर्नाटका को तथा उप्र ने राजस्थान को हराया। फाइनल में उप्र ने हरियाणा को हराया, जिसमें उप्र की इतीशा ने स्वर्ण पदक, हरियाणा की सारिका ने रजत पदक व केरल की फिदा फातिमा व राजस्थान की खुशी चौधरी ने कांस्य पदक जीते। इधर, लड़कों के 92 किलो भार वर्ग में कुल 19 टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल में हिमाचल प्रदेश ने हरियाणा को तथा दिल्ली ने उत्तर प्रदेश को हराया। फाइनल में दिल्ली ने हिमाचल को हराया। फाइनल में दिल्ली ने हिमाचल को हराया, जिसमें दिल्ली के हर्ष दलाल ने स्वर्ण पदक, हिमाचल के अनमोल ने रजत पदक व हरियाणा के देव और उप्र के वंश पंवार ने कांस्य जीता। लड़कों के 97 किलो वर्ग में 20 टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल में हरियाणा ने राजस्थान को तथा पंजाब ने महाराष्ट्र को हराया। फाइनल में पंजाब ने हरियाणा को हराया। जिसमें पंजाब के सरबजोत ने स्वर्ण, हरियाणा के हर्ष दहिया ने रजत व राजस्थान के दीपक और दिल्ली के नीरज सिंह छोकर ने कांस्य हासिल किया। लड़कों के 125 किलो भार वर्ग में कुल 22 टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल में हरियाणा ने उत्तर प्रदेश को तथा राजस्थान ने दिल्ली को हराया। फाइनल में हरियाणा ने दिल्ली को हराया। जिसमें हरियाणा के अमन ने स्वर्ण पदक, दिल्ली के प्रिंस ने रजत पदक व उत्तर प्रदेश के सत्यम पाल और महाराष्ट्र के प्रशांत ने कांस्य हासिल किया।

---

## टेलीग्राम पर टास्क पूरा करवाने के नाम पर ठगी करने के 3 आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस टेलीग्राम पर टास्क पूरा करवाने के नाम पर ठगी करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना साइबर क्राइम कुरुक्षेत्र की टीम ने टेलीग्राम पर टास्क पूरा करवाने के नाम पर ठगी करने के आरोपी साहिल खान, जावेद व संजय कुमार वासीयान चूरू राजस्थान को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

- शिकायत पर थाना साइबर क्राइम कुरुक्षेत्र में मामला दर्ज करके जांच की थी

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2 जून 2025 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में विनोद कुमार वासी संघौर जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह एक प्राइवेट कम्पनी में काम करता है तथा उसका एचडीएफसी बैंक मे खाता है। 24 मई 25 को उसके पास टेलीग्राम एप्लीकेशन पर एक अनजान आईडी से मैसेज आया। जब उसने मैसेज को ओपन किया तो उसमे बताया कि उसको कुछ काम करने के टास्क दिए जायेंगे अगर वह वह उनका टास्क पूरा करता है तो उसको टास्क पूरा करने के पैसे मिलेंगे। इसके बाद उसने दिए गये तरीके से ऑनलाइन पैसे लगाकर टास्क पूरा किया तो उसके खाते में पैसे आ गये। कुछ समय बाद उसने 50 हजार रुपये लगाए और रिप्लाई आया कि उसने टास्क गलत कर दिया है जिससे उसके पैसे कट गये है। कुछ समय बाद उसके पास फिर से मैसेज आया और उसने अलग-अलग तारीखों में करीब 1 लाख 57 हजार रुपये लगा दिए। टास्क पूरा होने पर उसके खाते में कोई पैसे नही आए तो उसको अपने साथ हुई धोखाधड़ी का आभास हुआ। जिसकी शिकायत पर थाना साइबर क्राइम कुरुक्षेत्र में मामला दर्ज करके जांच की गई।

## खबर संक्षेप



### खाटू श्याम धाम में मची बाबा के नाम की धूम

**कुरुक्षेत्र।** ढांड रोड मिजार्पुर स्थित खाटू श्याम धाम में भव्य संकीर्तन एंव भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैंकड़ो श्याम प्रेमियों नें भाग लिया और मन्नत मांगी। इस दौरान वरिष्ठ बीजेपी नेता जय भगवान शर्मा डीडी समेत कई गणमान्य लोगो नें बाबा श्याम के दरबार में माथा टेका और श्याम भक्तो को जन्मोत्सव की बधाई दी। भजन गायक लखविंद्र सिंह लक्खा और ज्योति गुप्ता नें बाबा की महिमा का गुणगान किया। श्याम भजनो पर भक्तों नें झूम गाकर तालियां बजा कर बाबा के चरणों में हाजिरी लगाई।कीर्तन के बाद के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर शहर के गणमान्य लोगो नें भाग लिया।

### रोटी बैंक ने झुग्गी बस्ती में भोजन वितरित किया

**कुरुक्षेत्र।** रोटी बैंक कुरुक्षेत्र द्वारा वात्सल्य वाटिका और सुंदरपुर झुग्गी बस्ती में भोजन वितरण किया गया। प्रतिदिन की भांति रोटी बैंक कुरुक्षेत्र भोजन बनाकर वितरण के लिए अलग अलग स्थानों पर जा रहा है। रोटी बैंक के संस्थापक सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव के दिशानिदेशों एवं मार्गदर्शन में रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र प्रतिदिन विभिन्न स्थानों पर भोजन वितरण करती है। आज रोटी बैंक द्वारा वात्सल्य वाटिका में भोजन वितरण किया।

### एप से सरकार तक पहुंचेगी सड़क संबंधित समस्याएं

**थानेसर।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रदेश में ढांचागत विकास को नई गति देने के लिए पारदर्शिता व जनभागीदारी की दिशा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने म्हारी सडक मोबाइल एप्लीकेशन का लॉन्च की है। इस डिजिटल एप से नागरिक सड़क से संबंधित समस्याएं सीधे सरकार तक पहुंच सकेंगे। यह एप नागरिक, प्रशासन और सरकार के बीच सेतु का काम करेगा। उन्होंने कहा कि यह एप नागरिकों को सडकों की स्थिति की जानकारी सीधे सरकार तक पहुंचाने का माध्यम है।

### अब तक 9,92,342 मीट्रिक टन धान की हुई खरीद

थानेसर। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के खरीद केन्द्रों व मंडियों में धान की खरीद का कार्य खाद्य आपूर्ति एवं हैफेड एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। इन दोनों एजेंसियों द्वारा धान की फसल का 2332.60 करोड़ राशि का भुगतान कर दिया गया है। जिसमें खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 1861.10 करोड़ राशि व हैफेड द्वारा 471.50 करोड़ राशि का भुगतान किया गया है। अहम पहलू यह है कि इन दोनों एजेंसियों द्वारा 991989 मीट्रिक टन धान की खरीद का कार्य पूरा कर लिया गया है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 31 अक्टूबर देर सायं तक इन दोनों एजेंसियों द्वारा 992342 एमटी धान की खरीद का कार्य पूरा कर लिया गया है।

### जैन पब्लिक स्कूल में क्विज प्रतियोगिता

कुरुक्षेत्र। श्रीमहावीर जैन पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने राज्य हरियाणा के गौरवपूर्ण इतिहास, संस्कृति, लोक परंपराओं और विशिष्ट योगदान के बारे में जागरूक करना था। यह क्विज प्रतियोगिता स्कूल की प्राचार्या पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के संचालन में शिक्षिका मोनिका और चंचल शर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में विभिन्न राउंड जैसे सामान्य ज्ञान, त्वरित उत्तर और टीम समन्वय शामिल थे, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने हरियाणा की संस्कृति, खेल, बोली-बानी और प्रमुख व्यक्तित्वों पर पूछे गए प्रश्नों के सटीक उत्तर देकर अपने ज्ञान का परिचय दिया।

# विधानसभा अध्यक्ष कल्याण ने दिखाई यूनिटी मार्च को हरी झंडी

- एनडीआरआई चौक से शुरू हुआ मार्च, हजारों युवाओं ने लिया नशा मुक्त और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि यूनिटी मार्च देश की विविधता में एकता, सांस्कृतिक मूल्यों और समाज की सद्भावना का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में इस यात्रा की शुरूआत की थी, ताकि उनके आदर्शों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। विधानसभा अध्यक्ष रविवार को एनडीआरआई चौक पर मेरा युवा भारत और जिला प्रशासन की ओर से आयोजित यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाने पहुंचे। उन्होंने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और युवाओं को संबोधित किया। करीब 7 किलोमीटर लंबे मार्च में बड़ी संख्या में युवा, एनसीसी स्वयंसेवक, स्कूली छात्र, सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ता और पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए।

### अखंड भारत में पटेल का योगदान बताया

हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों को मिलाकर अखंड भारत का निर्माण किया। आज भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो हमारी राष्ट्रीय एकता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को देशहित में कार्य करना चाहिए, क्योंकि देश की असली ताकत उसके नागरिकों के चरित्र में निहित होती है। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. लाल सिंह, मेयर रेणु बाला गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर, विधायक जगमोहन आनंद, इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी विधायक भगवान दास कबीरपंथी, एसडीएम राजेश सोनी, भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल, जिला महामंत्री सुभाष कश्यप, भाजपा नेता मानव पुरी, मेरा युवा भारत की उप निदेशक सुरमयी शर्मा, सहायक निदेशक रेणु सिलग, कार्यक्रम सहायक पंकज, भाजपा नेता त्रिलोचन सिंह, संजय खेंची, डीजीएचईओ अनीता जून, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीना कंबोज, कृष्ण गर्ग, सुनील गोयल आदि मौजूद रहे।


करनाल। यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण। फोटो : हरिभूमि

## प्रताप पब्लिक स्कूल में हरियाणा दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

# हरियाणा संस्कृति, परंपरा और परिश्रम की है जीवंत पहचान : पिथी चौधरी

- लघु नाटिका से प्रस्तुत की हरियाणा की पहचान
- विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों के लिए प्रेरित किया

हरियाणा की असली समृद्धि उसके मेहनतकश युवाओं में निहित है, जो अपने ज्ञान, संस्कार और प्रतिभा से उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेंगे।, आज हरियाण देशभर में अपनी पहचान उन्नत कृषि के साथ खेलों में भी बना रहा है, यहां अपार संभावनाएं है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल में हरियाणा दिवस बड़े उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा बारहवीं (विज्ञान) के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणा की संस्कृति की समृद्धि विषय पर एक सुंदर एवं प्रभावशाली लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। इस लघु नाटिका में बताया गया कि यह राज्य केवल हरियाली का नहीं, बल्कि मेहनत, वीरता और संस्कृति की समृद्ध धरोहर का प्रतीक है। इस प्रस्तुति ने हरियाणवी समाज की सादगी, परिश्रम, अतिथि-सत्कार और वीरता को जीवंत कर दिया। हरियाणा दिवस के इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका पिथी चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा केवल एक राज्य नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा और परिश्रम की जीवंत पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपनी जड़ों से जुड़े रहें, हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को सहेजें और अपने कर्मों से राज्य तथा देश का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने कहा कि हरियाणा की असली समृद्धि उसके मेहनतकश युवाओं में निहित है, जो अपने ज्ञान, संस्कार और प्रतिभा से उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेंगे। यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजक रहा, बल्कि शिक्षाप्रद भी सिद्ध हुआ।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते प्रताप स्कूल के बच्चे। फोटो : हरिभूमि



तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते स्कूल के शिक्षक ।

### विद्यार्थियों की प्रतिभा को सराहा

कार्यक्रम के माध्यम से सभी को यह संदेश मिला कि अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहना ही सच्ची समृद्धि है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की गई। यह लघु नाटिका हर किसी के हृदय में हरियाणा की संस्कृति और गर्व की भावना को जागृत कर गई।

### श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर में हुई जीवन कौशल कार्यशाला

तरावड़ी, 2 नवम्बर (राजकुमार खुराना) श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट में एक सी.बी.एस. ई के अंतर्गत महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। जिसका विषय जीवन कौशल रहा। विद्यालय निदेशक डॉक्टर राकेश शर्मा ने इस प्रशिक्षण सत्र में संपूर्ण स्टाफ सहित भाग लिया । कार्यक्रम में बतौर रिसोर्स पर्सन रवि शर्मा जी ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ में विद्यालय निदेशक डॉक्टर राकेश शर्मा , रिसोर्स पर्सन रवि शर्मा एवं सभी हाउस इंचार्ज के द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया, जिसमें रिसोर्स पर्सन रवि शर्मा ने प्रतिभागियों को जीवन कौशल (डोमेन 1 ) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस सत्र में सोशल स्किल, थिंकिंग स्किल और इमोशनल स्किल पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना था। रवि शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इन कौशलों के विकास से व्यक्ति अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम हो सकता है। प्रशिक्षण सत्र में रोल प्ले, सहित कई सारी गतिविधियों को शामिल किया गया था। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया गया और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।


तरावड़ी। पंजाबी धर्मशाला मे बैठक दौरान खत्री समाज के एकत्रित लोग।

# खत्री समाज एकजुट होकर बनाए अपनी पहचान : रिंकू

- बोले : खत्री समाज को संगठित कर लेंगे समाज के लोगों साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

रविवार को खत्री समाज की आम बैठक पंजाबी धर्मशाला में सम्पन्न हुई। जिसमें कई गणमान्यों एवं समाज के लोगों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान खत्री समाज से रिंकू खुराना एवं के.के गाबा ने बताया हमारा समाज हर क्षेत्र में अग्रणी रहा है, आज समाज ने बहुत से मुकाम अपनी मेहनत एवं काबिलियत के बलबूते हासिल किए हे बात करे जनसेवा के कार्यों व सरोकारों की तो बहुत कुछ हासिल हुआ है। उन्होंने बताया आज की यह बैठक समाज को मजबूत करने एवं लोगों से एकजुट होने के मिशन से बुलाई गई है,उन्होंने बताया आज एक छोटे से मेसेज पर समाज से यहां पहुंचे सभी भाइयों से साथ समाज को मजबूत करने की चर्चा ही नहीं भाइयों से पूरी पूरी अपेक्षा भी की गई है ,उन्होंने कहा समाज को एक मंच पर लाकर मजबूत करने के प्रयास सहित बढ़ाएंगे हर कदम व समाज को संगठित कर समाज के लोगों को साथ लेकर चलने का करेंगे कार्य। इस दौरान राजीव नारंग ने बताया कि आज की बैठक में हुई सभी भाइयों साथ हुई विभिन्न चर्चाओं एवं आगामी दिनों में बुलाई जाने वाली बैठको में समाज के हर युवाओं को जोडऩे और सभी बुजुर्गों से उनका मार्गदर्शन करने की अपील की है। रविवार को खत्री समाज की आम बैठक पंजाबी धर्मशाला में सम्पन्न हुई। जिसमें कई गणमान्यों एवं समाज के लोगों ने हिस्सा लिया।इस दौरान सतीश कालड़ा, मदन सचदेवा, पवन कामरा, लक्की सेठी, बलदेव गिरधर, विजय गुलाटी, शेरी पपनेजा, नीरज चांदना, अमित सचदेवा, मोहित पोपली, अनिल लांबा, ऋषभ सचदेवा, नरेश गाबा, लक्की कालड़ा, मनोज मुंजाल, सन्नी सचदेवा, लक्की बजाज, विशु बजाज, मोनू सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# देवउठनी पर हवन-यज्ञ कर की सुख समद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में कार्तिक कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा सुनाते हुए पंडित हरीश शास्त्री ने कहा कि हिंदू धर्म में एकादशी का बड़ा महत्व है। विशेष रूप से देव उठनी एकादशी का यह दिन बहुत ही शुभ माना जाता है। इस दिन व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की योग में निद्रा से जागते हैं तथा फिर से सृष्टि का संचालन कार्य आरंभ करते हैं। मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो जाते हैं। इससे पहले मंदिर में विश्व कल्याण एवं समृद्धि के लिए हवन यज्ञ किया गया। मुख्य यजमान के रूप में सुभाष बत्रा और आशा बत्रा ने शिरकत की। इसके पश्चात प्रभात फेरी निकाली गई। सेक्टर आठ में परिक्रमा के बाद नरेश गोयल के निवास पर विश्राम लिया गया। भजनों की गंगा में सुशील मदान, वीना सेठ, अनु खट्टर व सुषमा धमीजा ने छपवा दिए हैं कार्ड तुलसा तेरी शादी के पहले कार्ड गणपति जी को भेजा भजन गाया। इस अवसर पर अनीता गोयल, अशोक मदान, रविंद्र तनेजा, रेनू तनेजा, मुरारी बत्रा, अनिल छाबड़ा, नीरज कपूर व डॉ के.एल डांग आदि मौजूद रहे।


करनाल। श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में हवन-यज्ञ करते भक्तजन।

### कवियों ने कविताओं से लूटी खूब वाहवाही

**कुरुक्षेत्र।** एनआईटी कुरुक्षेत्र के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव कॉन्फ्लुएंस 25 के तीसरे दिन भी पूरे परिसर में रचनात्मकता, संगीत और उत्साह का माहौल छाया रहा। विविध सांस्कृतिक, कलात्मक और मनोरंजक कार्यक्रमों से भरपूर रहा, जिनमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सुबह की शुरूआत जुबली हॉल में आयोजित एकल गायन, युगल गायन, और वाद्य यंत्र वादन प्रतियोगिताओं से हुई, जिनमें प्रतिभागियों ने अपनी मधुर आवाज और सुरों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी ओजस्वी कविताओं और हास्यपूर्ण रचनाओं से खूब वाहवाही बटोरी। हास्य प्रस्तुति के माध्यम से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया।

# सुरेंद्र प्योत फिर बने भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारतीय मजदूर संघ जिला करनाल का अधिवेशन मानव सेवा संघ में संपन्न हुआ। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पवन कुमार जोगी ने की व मंच संचालन जिला मंत्री सुरेंद्र प्योत ने किया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मेहला ने शिरकत की। इस मौके पर जिला मंत्री सुरेंद्र प्योत ने पिछले काम का लेखा जोखा प्रस्तुत किया और जिलाध्यक्ष पवन कुमार ने पिछली जिला कार्य समिति को भंग करने का प्रस्ताव रखा। अधिवेशन में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया और नई कार्यकारिणी अगले दो वर्ष के लिए घोषित की गई। प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मेहला ने बताया कि जिला अध्यक्ष पवन कुमार जोगी को बनाया गया है। सुरेंद्र प्योत फिर से जिला मंत्री का पदभार संभालेंगे। इसके अलावा उपाध्यक्ष राजबीर कौल, उपाध्यक्ष ओमकार, जिला सचिव सुमित मकड़, जिला सचिव सुमन, वित्त सचिव सुलक्ष कुमार और जिला कार्यकारणी सदस्य सुनील राणा, सतीश चौहान, संजीव कुमार और देवी दयाल को बनाया गया है।


करनाल। भारतीय मजदूर संघ की नई कार्यकारणी के पदाधिकारी व सदस्य।

## धर्म-कर्म | जिलेभर में धूमधाम से मनाई देवप्रबोधिनी एकादशी

# श्रद्धा और भक्ति से श्रद्धालुओं ने किया भगवान शालिग्राम व तुलसी का विवाह

देवप्रबोधिनी एकादशी के दिन ही भगवान विष्णु चार महिनों की नींद से जागते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली , कुरुक्षेत्र के पीठाधीश ज्योतिषाचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा के निर्देशन में देवप्रबोधिनी एकादशी को भक्तों ने सामूहिक रीति से भगवान शालिग्राम और तुलसी जी का वैदिक शास्त्रों अनुसार विवाह किया। कार्तिक शुक्ल एकादशी को देवप्रबोधन एकादशी मनाई जाती है। मान्यता है कि देव प्रबोधन मंत्रों से दिव्य तत्वों की जागृति होती है। मुख्य यजमान ज्ञान चन्द शर्मा, श्रीमति सरोज शर्मा, राकेश शर्मा, श्रीमती निर्मल, संदीप शर्मा, मोनिका शर्मा के परिवार से पंडित राहुल मिश्रा ने वैदिक मंत्रोचारण पूजा करवाई। डॉ. मिश्रा ने बताया कि चातुर्मास की समाप्ति के बाद आज भगवान विष्णु जाग रहे है। मां तुलसी और भगवान शालिग्राम के विवाह के साथ ही आज से मांगलिक और शुभ कार्य प्रारंभ हो रहे है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवप्रबोधिनी एकादशी कहते हैं। धर्म ग्रंथों के अनुसार देवप्रबोधिनी एकादशी के दिन ही भगवान विष्णु चार महिनों की नींद से जागते हैं क इसे देवोत्थानी या देवउठनी एकादशी भी कहते है। ढोल बाजें के साथ नगर खेड़े से भगवान शालिग्राम की बारात निकाली गई जिसमें भक्त सुशील तलवाड़, संगीता तलवाड़ सतपाल धर्मसौत ,सतपाल सैनी ,सतपाल बंसल, महेंद्र सैनी, मोहित बंसल, सुमित गोयल आदि सम्मिलित रहे।



### ढोल बाजें के साथ शहर में निकाली

इस दिन भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व है। हिंदू शास्त्रों के अनुसार कार्तिक शुक्ल एकादशी को पूजा-पाठ, व्रत-उपवास किया जाता है। इस तिथि को रात्रि जागरण भी किया जाता है। देवप्रबोधिनी एकादशी पर भगवान विष्णु को धूप, दीप, नैवद्य, पुष्प, गंध, चंदन, फल और अर्घ्य आदि अर्पित किया भगवान विष्णु जी की प्रसन्नता हेतु सुमित्रा पाहवा, मिश्री देवी गर्ग, शिमला धीमान ,पायल सैनी,ऊषा शर्मा ,आशा कवात्रा, शांता कंसल, अनु पाहवा, सीमा परुथी, कोमल मेहरा और पूजा तलवाड़ आदि भक्तों ने संकीर्तन और आरती की। पूजा अर्चना के बाद सभी भक्तों ने प्रसाद श्रद्धा अनुसार लिया।

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक में हुआ मंथन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा की नीलोखेड़ी ब्लॉक की मीटिंग खंड प्रधान हरपाल सिंह राणा की अध्यक्षता में गोल मार्केट पार्क नीलोखेड़ी में हुई। बैठक का संचालन खंड सचिव बाबूराम ने किया। इस मौके पर सूबे सिंह, मुल्खराज, रामकुमार वर्मा, सुरेंद्र पाल सिंह, साहब सिंह व बलराज सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। बलराज सिंह, साहब सिंह व सुरेंद्र सिंह पाल ने 22, 23 फरवरी 2026 को सभी सरकारी विभागों, बोर्ड, निगम, कार्पोरेशन,मान्यता प्राप्त संस्थाओं के रिटायर्ड कर्मचारियों के होने वाले दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन सैनी धर्मशाला कुरुक्षेत्र की तैयारी के लिए चर्चा की। संगठन मजबूती के लिए सदस्यता बढ़ाने, साथियों के पैंडिंग काम लिखित में लाने बारे विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर ओम प्रकाश, रामकुमार, देशराज, रत्नचन्द, रमेश, सतपाल, बल सिंह, कांशीराम, मुख्तियार सिंह, सोमनाथ, बाबूराम मंचूरी, रतनचंद, वेदप्रकाश, लक्ष्मण, रायसिंह, नन्हा राम, केवल कृष्ण, लेखराज, अजायब सिंह आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### जीआरपी ने सघन जांच की

**पानीपत।** समालखा में चल रहे निरंकारी संत समागम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पानीपत रेलवे स्टेशन पर रविवार को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए राजकीय रेलवे पुलिस ने स्टेशन परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। यात्रियों के सामान से लेकर संदिग्ध व्यक्तियों तक की गहन तलाशी ली गई। इधर, सब इंस्पेक्टर बलवान सिंह ने बताया कि समागम को लेकर सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। रेलवे स्टेशन पर हर पल निगरानी रखी जा रही है। जीआरपी की टीमें गश्त कर हालात पर कडी नजर बनाए हुए है।

### घर से 40 हजार रुपये चोरी

**पानीपत।** डाक विभाग के पूर्व कर्मचारी गांव रिसालू निवासी रविंद्र के घर से चोरों ने तीन मोबाइल फोन सैट व करीब चालीस हजार रुपये की नगदी चोरी कर फरार हो गए। वहीं, रविंद्र की शिकायत पर हुडा औद्योगिक सेक्टर 29 थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने कातिलाना हमलावर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने मतलौडा अनाज मंडी में पंचायत के दौरान पिस्तौल से फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामलें में पांचवें आरोपी अजीत उर्फ जीता निवासी गांव कवि, जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं, सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेटर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी अजीत उर्फ जीता ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके खुखराना निवासी शुभम उर्फ शुभि, मतलौडा निवासी दीपक व सोनू व खंडरा गांव निवासी विकास व फरार अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा है। थाना मतलौडा में जितेंद्र निवासी गांव मतलौडा की शिकायत पर केस दर्ज है।

### सीआईए थ्री पुलिस टीम ने चार लुटेरे पकड़े

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने अमीरा गार्डन के पास फैक्ट्री श्रमिक से मारपीट कर मोबाइल फोन लूटने वाले चार आरोपियों साहिल पुत्र इकरार, जीतू पुत्र सुनील निवासी विकास नगर, अभिषेक पुत्र लालू निवासी कृष्णा गार्डन व संजय पुत्र विजय निवासी बत्रा कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि लूट की उक्त वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में फैक्ट्री श्रमिक संगम पुत्र रमेश प्रसाद निवासी गडवार बलिया यूपी हाल किरायेदार कृष्णा गार्डन की शिकायत पर केस है।

### खेत मजदूरों की स्थित पर चर्चा की

**पानीपत।** शहीद भगत सिंह स्मारक के स्वतंत्रता सेनानी टीकाराम सखुन हाल में हरियाणा खेत मजदूर यूनियन की जिला कमेटी की मीटिंग जिला उपाध्यक्ष रामबीर कश्यप की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला सचिव भूपेंद्र कश्यप ने जिले में यूनियन की गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की। प्रदेश महासचिव का.जिले सिंह पाल ने बैठक में वर्तमान हालात और खेत मजदूरों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। वहीं, बैठक में एआईकेएस के जिला महासचिव राम रतन, एटक जिला महासचिव पवन कुमार सैनी, जय भगवान दरियापुर, मिटठन लाल, रतन सिंह अलूपुर, रोहित कुमार, रामबीर कश्यप, कंवरभान कुराड़, राजकुमार,देवी दयाल, राकेश कुमार, ओम प्रकाश कश्यप, कृष्ण गिरि आदि ने भाग लिया।

### नशे की लत हर प्रकार से घातक

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब द्वारा नशीली दवाओं के बारे में जागरूकता और उनके नुकसान के विषय पर नुक्कड़ नाटिका का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति को बल्कि उसके परिवार और समाज को भी नुकसान पहुंचता है। नशे की लत कई मायनों में खतरनाक हो सकती है। इस अवसर पर डॉ.सुनित शर्मा, डॉ.शर्मिला यादव, डॉ.निर्मला, डॉ.नरवीर, निशा गुप्ता, रुचिका बत्रा, मनी, आकांक्षा, राहुल कुमार व अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

---

### मानव सौहार्द व विश्वबंधुत्व का अनूठा दृश्य है निरंकारी संत समागम

# परमात्मा के अहसास से सरल होगा आत्ममंथन



**पानीपत।** निरंकारी संत समागम में संबोधन करते हुए मां सुदीक्षा व राजपिता रमित।


**पानीपत।** निरंकारी संत समागम में भाग लेते देश व विदेश से आए श्रद्धालु।

**संत समागम में देश-विदेश से लाखों की संख्या में मानव परिवार एकत्रित हुआ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा पानीपत

आत्ममंथन केवल साधारण सोचने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपने भीतर झांकने की साधना है जो परमात्मा के अहसास से सरल हो सकती है।'' यह उद्गार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा ने चल रहे 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के दूसरे दिन रविवार को विशाल मानव परिवार को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। वहीं, संत समागम में देश-विदेश से लाखों की संख्या में मानव परिवार एकत्रित हुआ है और सौहार्दपूर्ण व्यवहार से मानवता एवं विश्वबंधुत्व का दृश्य साकार कर रहा है। इधर, मां सुदीक्षा ने आत्ममंथन के वास्तविक भाव को समझाते हुए फरमाया कि कई बार हम भावनाओं के अधीन होकर किसी आसान कार्य को भी जटिल बना देते हैं, जबकि प्रभु का सिमरण रूप में अहसास आते ही मन में अकर्ता भाव प्रकट होता है जिससे मन शांत होकर हर कार्य सहजता से पूर्णता की ओर बढ़ता है। दिन भर में कई बातें हमारे सामने आती हैं जिन्हें हम देखते हैं, सुनते हैं, सोचते हैं और कई बार किसी के मधुर वचन हमें मोह लेते हैं, कई कटू वचन मन को ठेस पहुंचाते हैं। पर कौनसी बात ग्रहण करनी है और कौन सी बात मन से निकाल देनी है इसका चुनाव व निर्णय हमे स्वयं ही करना होता है। ब्रह्मज्ञानी महात्मा अपने विवेक सकारात्मक चुनाव करके जीवन में शांति और सुकून प्राप्त करते हैं।

#### सभी के साथ अच्छा आचरण करें

मां सुदीक्षा ने उदाहरण द्वारा समझाया कि जिस तरह किसी हिल स्टेशन के कुछ पॉइंट्स पर हमारी आवाज टकराकर उन पहाड़ों पर अथवा वहां की अन्य वस्तुओं पर कोई भी प्रभाव न डालते हुए प्रतिध्वनि के रुप में लौटकर वापस आ जाती है, उसी प्रकार हम दूसरों से जैसा व्यवहार करते हैं उसकी प्रतिक्रिया लौटकर हमारे पास ही आ जाती है। हमारे व्यवहार से उस व्यक्ति के उपर कोई प्रभाव हुआ अथवा नहीं यह अलग बात है, पर परिणाम स्वरूप हमें उसकी प्रतिक्रिया का सामना अवश्य करना पड़ता है। इसलिए हमारा व्यवहार इस तरह का हो जिसकी प्रतिक्रिया हमारे लिए सुखदायी हो।

#### स्वयं को सुधारने का मार्ग है आत्ममंथन

मां सुदीक्षा ने कहा कि आत्ममंथन वास्तव में स्वयं के सुधार का मार्ग है। जब मन निरंकार से जुड़ता है, तो भीतर की शांति और बाहर का व्यवहार दोनों दिव्यता से भर जाते हैं। वहीं, निरंकारी राजपिता रमित ने कहा कि धार्मिक क्षेत्र में परमात्मा के बारे में अलग-अलग दृष्टिकोण देखने-सुनने को मिलते हैं। वास्तव में परमात्मा एक ऐसा सत्य है जो पहले भी सत्य था, आज भी सत्य है और आगे भी सत्य ही रहेगा। यह एक सार्वभौमिक सत्य है, इसके बारे में अलग अलग दृष्टिकोण का प्रश्न उत्पन्न नहीं हो सकता।

#### प्रदर्शनी में श्रद्धालुओं का तांता

संत समागम में आधुनिक तकनीक एवं लाइट्स आदि का इस्तेमाल करते हुए अत्यंत आकर्षक बनाई गई निरंकारी प्रदर्शनी श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनीं हुई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निरंकारी प्रदर्शनी में मुख्य प्रदर्शनी, बाल प्रदर्शनी एवं संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की प्रदर्शनी-इस तरह तीन भाग बनाये गए हैं। मुख्य प्रदर्शनी में मिशन का इतिहास, सतगुरु माता व निरंकारी राजपिता की मानव कल्याण यात्राएं आदि का ब्यौरा प्रस्तुत किया है जबकि तीन विभिन्न मॉडलों द्वारा संत समागम के मुख्य विषय 'आत्ममंथन' पर प्रकाश डाला गया है जिससे श्रद्धालुओं को प्रेरणादायी शिक्षा प्राप्त हो रही है।

---

### खेत मजदूरों की स्थित पर चर्चा की

**पानीपत।** शहीद भगत सिंह स्मारक के स्वतंत्रता सेनानी टीकाराम सखुन हाल में हरियाणा खेत मजदूर यूनियन की जिला कमेटी की मीटिंग जिला उपाध्यक्ष रामबीर कश्यप की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला सचिव भूपेंद्र कश्यप ने जिले में यूनियन की गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की। प्रदेश महासचिव का.जिले सिंह पाल ने बैठक में वर्तमान हालात और खेत मजदूरों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। वहीं, बैठक में एआईकेएस के जिला महासचिव राम रतन, एटक जिला महासचिव पवन कुमार सैनी, जय भगवान दरियापुर, मिटठन लाल, रतन सिंह अलूपुर, रोहित कुमार, रामबीर कश्यप, कंवरभान कुराड़, राजकुमार,देवी दयाल, राकेश कुमार, ओम प्रकाश कश्यप, कृष्ण गिरि आदि ने भाग लिया।

### तुलसी विवाह आयोजित

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 13 स्थित वृंदा एन्क्लेव में तुलसी विवाह का आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो बारात के स्वरूप में पूरे सेक्टर में भ्रमण किया। वैवाहिक मंगल विधियां मंत्रोच्चार और भजन कीर्तन के साथ संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आज का यह तुलसी विवाह केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन चुका है।



## सम्मेलन में कवियों ने अपनी ओजस्वी कविताओं से लूटी वाहवाही

**कुरुक्षेत्र।** एनआईटी कुरुक्षेत्र के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव कॉन्फ्लुएंस 25 के तीसरे दिन भी पूरे परिसर में रचनात्मकता, संगीत और उत्साह का माहौल छाया रहा। विविध सांस्कृतिक, कलात्मक और मनोरंजक कार्यक्रमों से भरपूर रहा, जिनमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सुबह की शुरूआत जुबली हॉल में आयोजित एकल गायन, युगल गायन, और वाद्य यंत्र वादन प्रतियोगिताओं से हुई, जिनमें प्रतिभागियों ने अपनी मधुर आवाज और सुरों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी ओजस्वी कविताओं और हास्यपूर्ण रचनाओं से खूब वाहवाही बटोरी। दोपहर में अभिव्यक्ति और शाम को आयोजित मुक्त मंच (ओपन माइक) में छात्रों ने कविता, कहानी, नाटक और हास्य प्रस्तुति के माध्यम से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। खेल प्रेमियों के लिए स्पोर्ट्स ग्राउंड पर आयोजित गली फुटबॉल ने उत्साह बढ़ाया, जबकि जीओटी और सिविलाथॉन जैसे रोचक प्रतियोगिताओं ने रणनीति और टीम भावना की मिसाल पेश की।

---

# साइबर अपराध में एडवाइजरी जारी की

- डिजिटल अरेस्ट का संदेश मिलने पर घबराएं नहीं, तत्काल पुलिस के 1930 पर शिकायत दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने साइबर अपराध में एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने इससे बचने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठग अपराध करने के नए नए तरीके अपना रहें है। आमजन के जागरूक होने से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। साइबर ठग व्हाट्सएप कॉल कर डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर ठगी करने की कोशिश करते हैं। एसपी सिंह ने बताया कि आपके पास किसी अज्ञात नंबर से फोन कर आपके बेटा, बेटी का नाम लेकर कहा जाए कि वह कहां है और अगले ही पल कहा जाए नारकोटिक्स विभाग, सीबीआई या पुलिस से बोल रहा हूं और वह हमारी हिरासत में है। ड्रग्स या अन्य किसी गतिविधि में शामिल होने की वजह से उसे पकड़ा गया है। इसके अलावा आपके नाम विदेश से पार्सल आया और उसमे आपत्तिजनक वस्तु होने की बात कही जाए तो तुरंत सतर्क हो जाएं। यह साइबर ठगों का काम हो सकता है। साइबर ठग आपको डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का शिकार बना सकते हैं। यह साइबर ठगों द्वारा अपनाया जाने वाला ठगी का नया तरीका है। डिजिटल अरेस्ट के मामलों में ठग किसी सरकारी एजेंसी का ऑफिसर या पुलिस ऑफिसर बनकर वीडियो कॉल करते है। वीडियो कॉल के बैकग्राउंड को किसी पुलिस स्टेशन की तरह बना लिया जाता है। जिसे देखने वाला हर कोई व्यक्ति डर कर उनकी बातों में आ जाता है। इसमें पीड़ित को फोन कर झूठे मामले में पहले डराया जाता है। कहा जाता है कि ऊपर मामला दर्ज किया जा रहा है, जिससे वह डर जाता है। इसमें वीडियो कॉल के द्वारा पीड़ित को घर में बंधक बना लिया जाता है। ठगों द्वारा व्यक्ति को 24 घंटे उनके संपर्क में रहने के लिए सर्विलांस पर फोन या वेबसाइट के जरिये नजर रखने की बात कही जाती है। अपराधी इस दौरान आपको वीडियो कॉल से हटने भी नहीं देता और न ही किसी को कॉल करने देते है।

#### आरोपी के झांसे में न आएं

लंबी सजा और बड़े जुर्माने व समाज में अपमान होने के डर से पीड़ित ठगों द्वारा कही हर बात को फॉलो करता है। इस दौरान ठग केस को रफा-दफा करने के लिए पीड़ित से पैसे मांगता है और पीड़ित उसे रकम भी दे देता है। अगर कोई इस तरह की कॉल करता है तो उसके झांसे में न आए। पहले अपने परिजनों व परिचितों से फोन पर बात करें, और इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को या साइबर थाना में दे। डिजिटल अरेस्ट कानून में कोई शब्द नहीं है। लोगों को इससे नहीं घबराना चाहिए। एसपी सिंह ने कहा कि इस प्रकार की वारदातों से बचने के लिए हमेशा सतर्क रहें। फोन पर कोई अपने आप को पुलिस, सीबीआई, नारकोटिक्स विभाग, सीबीआई विभाग, आरबीआई और ईडी इत्यादि का अधिकारी बताकर इस तरह ब्लैकमेल, जबरन वसूली या डिजिटल अरेस्ट इत्यादि की धमकी देता है तो उनसे डरे नहीं तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं।

---

# जन सेवा दल ने जरूरमंदों को राशन बांटा

- समारोह में स्वामी ब्रह्मऋषि ने जहां श्री हनुमान जी की सेवा भक्ति के दृष्टांत का वर्णन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


जन सेवा दल के कार्यालय में जरूरतमंदों को राशन वितरण करते अतिथिगण।

देवलोक वासी स्वामी विशुद्धानंद की प्रेरणा से निर्धन व जरूरतमंद को जन सेवा दल द्वारा मासिक राशन वितरण किया गया। वहीं भजन व सत्संग सेवा प्रदान की गई। समारोह में स्वामी ब्रह्मऋषि ने जहां श्री हनुमान जी की सेवा भक्ति के दृष्टांत का वर्णन किया और भागवत भूषण पंडित श्यामसुंदर शर्मा ने वहां सत्संग को ईश्वर भक्ति का साक्षात स्वरूप बताया। श्री किशोरी कृपा संकीर्तन परिवार के नरेश सहगल ने कार्तिक माह में ठाकुर जी भजन प्रस्तुति किए। जबकि युधिष्ठिर शर्मा ने श्रीराम से बड़ा श्रीराम के नाम की व्याख्या की। जन सेवा दल के महासचिव चमन गुलाटी ने बताया कि इस बार राशन के साथ सभी कार्डधारियों को शीत ऋतु के गर्म कंबल व दीवाली की मिठाई भी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि यह सब सेवाभावी सज्जनों के सहयोग से संभव हो पाता है। वहीं मधु शर्मा ने सभी को राम नाम की माला का उच्चारण कराया। सभी उपस्थित लोगों को खीर, पूड़ी, छोले का लंगर भी वितरित किया गया। मुख्य अतिथि समाज सेवी अमित डूडेजा ने जरूरतमंद की सेवा को परम धर्म बताया। जन सेवा दल के प्रधान श्रीकृष्ण मनचंदा ने मुख्य अतिथि सहित अन्य सभी अतिथियों का सम्मान किया। मंच संचालन सूर सम्राट लेखराज जताना ने किया। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र सोनी, सतीश ढींगरा, किशोर गोस्वामी, कैलाश लूथरा, सौरभ लूथरा, कमल गुलाटी, दीपक, सचिन शर्मा, श्यामलाल खूंगर, राजू कथूरिया, सूरज भान फौजी, यश बांगा आदि मौजूद रहे।

---


अंसल सुशांत सिटी रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी बैठक करते हुए।

#### अंसल में समस्या के हल को आरडब्ल्यूए की बैठक हुई

**पानीपत।** अंसल सुशांत सिटी में जैन स्थानक में रविवार को रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक वाइस प्रेसिडेंट अनिल पंवार की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विनोद गोयल, लोकेश भाटिया, राज शर्मा, एस के बंसल, अजय घनघस, राहुल सिंगला, राजीव जैन, राजीव मलिक, अमित वर्मा, सुरेश जैन, कुलविंदर अग्रवाल, कपिल गुप्ता, प्रद्युमन, संदीप सूरी, परवीन ढींगरा, मनीषा गांधी आदि ने जेबीएम के मुद्दे व पानी की समस्या के हल पर अपने विचार रखें। अंसल सुशांत सिटी रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से अनिल पंवार, सुरेंद्र राणा, हरीश अरोड़ा व आशीष राठी ने प्रतिनिधित्व किया और कहा कि अंसल निवासियों की हर समस्या का हल प्राथमिकता से करवाया जाएगा।

# धूमधाम से हुआ तुलसी विवाह

- मंदिर के प्रांगण में उपस्थित श्रद्धालुओं ने तुलसी विवाह की पूजा-अर्चना की और इस विशेष दिन का आशीर्वाद प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर में तुलसी विवाह का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

पानीपत के मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में बड़े श्रद्धा भाव और उल्लास के साथ तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। इस पवित्र अवसर पर वधू पक्ष के लोकेश अरोड़ा और सोनिया अरोड़ा, वर पक्ष के मनोहर लाल सेतिया और मंजू सेतिया के परिवारों ने मिलकर इस धार्मिक अनुष्ठान को धूमधाम से करवाया। इधर, वर पक्ष द्वारा सजधज कर बारात मंदिर प्रांगण में लाई गई, जिसे वधू पक्ष के सदस्यों ने बड़े आदर और श्रद्धा के साथ भव्य स्वागत किया। बारात मनोहर लाल सेतिया और मंजू सेतिया के घर से ढोल-ताशों की गूंज के साथ निकाली गई, जो मंदिर तक पहुंची। इस उत्सव के मौके पर मंदिर प्रांगण में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए गए, जिससे हर कोई इस धार्मिक समागम का पूरा आनंद उठा सका। तुलसी विवाह के इस धार्मिक आयोजन की महत्ता को समझाते हुए श्री सनातन धर्म मंदिर के प्रधान तरुण गांधी ने बताया कि तुलसी विवाह हर साल श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जाता है। इस पवित्र अवसर पर मंदिर के सभी सेवादार और सदस्य भी उपस्थित रहे और इस अद्भुत धार्मिक कार्यक्रम का हिस्सा बने। वहीं, मंदिर के प्रांगण में उपस्थित श्रद्धालुओं ने तुलसी विवाह की पूजा-अर्चना की और इस विशेष दिन का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्थाओं को और मजबूत किया, बल्कि समुदाय में एकता और भाईचारे का संदेश भी दिया।

#### बालाजी धाम मंदिर में हुई मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप के प्रकाश नगर स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी मुख्य अतिथि रहे। बाबाजी के सेवक भक्त शिरोमणि सतीश भगत ने राजीव परुथी को मंदिर में पहुंचने पर आशीर्वाद दिया। वहीं, राजीव परूथी ने कहा यह पानीपत का एकमात्र मंदिर है जहां पर मेहंदीपुर बालाजी का बाल स्वरूप विराजमान है, जो शख्स मेहंदीपुर बालाजी किसी कारण से नहीं जा सकता वह इस मंदिर में आकर आशीर्वाद ले सकता है। भगत सतीश ने कहा मंदिर में सकारात्मक ऊर्जा होती है, वहीं, भगवान बालाजी महाराज का आशीर्वाद लेकर जीवन जीने का सद्मार्ग प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर बाबा सेवक श्याम लाल, हीरालाल एवं शिवम मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।


श्री बालाजी धाम मंदिर में राजीव परूथी को स्मृति चिंह भेंट करते हुए संतजन।

---

### समालखा में कर्ण सिंह जांगिड़ की याद में 26वें दंगल का हुआ आयोजन

# पहलवान अंकुश व खुशी रानी ने जीता दंगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

समाजसेवी जयकुंवार उर्फ बिट्टू पहलवान ने अपने पिता स्व.कर्ण सिंह जांगिड़ की याद में 26वां विशाल दंगल भापरा स्टेडियम में करवाया। जिसमें हरियाणा सहित दिल्ली, यूपी,पंजाब व अन्य कई राज्यों से पहलवान अपने दमखम का प्रदर्शन किया। वहीं, दंगल में बतौर मुख्यातिथि इंडिया कोच दर्शन लाल व चौ. देवी सिंह सोटी ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर कुश्ती का शुभारंभ करवाया। इधर, लड़कों की फाइनल कुश्ती अंकुश पटीकल्याणा व लड़कियों की कुश्ती खुशी रानी पिरथला (नरवाना) पहलवान ने जीती। वहीं, विजेता पहलवानों अंकुश व खुशी को 31-31 हजार रुपये का नकद इनाम दिया गया। जबकि 71 सौ रुपये की कुश्ती मोनू पटीकल्याणा ने जीती। वहीं, दंगल में विजेता पहलवानों को लाखों रूपये का पुरस्कार दिया गया। इधर, बिटटू पहलवान ने कहा कि दंगल जैसे पारंपरिक कुश्ती आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर को बनाए रखते हैं। कुश्ती को शारीरिक विकास के लिए अच्छा माना जाता है और यह खिलाड़ियों में अनुशासन और सद्भाव की भावना पैदा करती है।


**समालखा।** कर्ण सिंह जांगिड़ की याद में आयोजित दंगल में पहलवानों के हाथ मिलवाते हुए अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

#### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर धन सिंह कोहाड़, मा. अजमेर, अनिल बैनीवाल, भीम सिंह बैनीवाल, ईश्वर कालीरमन, परसराम, कृष्ण बेनीवाल, आजाद सिंह, जितेंद्र भपरा, प्रवीण भापरा, दलेल सिंह, संजीव गुलाब समालखा, कृष्ण बैनीवाल, कुलदीप, प्रवीन, कृष्ण आदि का बिट्टू पहलवान ने पगड़ी पटना कर सम्मान किया।

#### विजेताओं को मिलेगा देसी धी



**पानीपत।** चल रही 69वें राष्ट्रीय कुश्ती खेलों के विजेता पहलवानों के साथ अतिथिगण।

आयोजकों की तरफ़ से प्रत्येक भार वर्ग में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले हर पहलवान को दो किलो घी देने की घोषणा की। इधर, मुख्या अतिथि कृष्ण पहलवान (गोल्ड मेडलिस्ट कॉमन वेल्थ गेम), जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बुरा, करण सिंह पूनिया, रविन्द्र अंतिल, डॉ जोगिंद्र सिंह, विक्रम सहरावत, जयपाल सरोहा, प्रदीप कादयान, राकेश, बिजेंद्र पूनिया आदि खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### नशे की लत हर प्रकार से घातक

- नशा न केवल व्यक्ति को बल्कि उसके परिवार और समाज को भी नुकसान

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब द्वारा नशीली दवाओं के बारे में जागरूकता और उनके नुकसान के विषय पर नुक्कड़ नाटिका का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति को बल्कि उसके परिवार और समाज को भी नुकसान पहुंचता है। नशे की लत कई मायनों में खतरनाक हो सकती है। यह मन और शरीर को नुकसान पहुँचा सकती हैं। इस अवसर पर डॉ.सुनित शर्मा, डॉ.शर्मिला यादव, डॉ.निर्मला, डॉ.नरवीर, निशा गुप्ता, रुचिका बत्रा, मनीत, आकांक्षा शर्मा, राहुल कुमार व अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने खातों में भेजे 109 करोड़ रुपये

**अंबाला।** हरियाणा प्रदेश की उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लाडो लक्ष्मी योजना की पहली किस्त में 5.22 लाख महिलाओं के खाते में 109 करोड़ रुपए भेजे गए हैं, जिसका लाभ आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी। कटारिया ने हरियाणा के 60वें से स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा की हरियाणा ने हर क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाई है।

### आज सुनी जाएंगी बिजली की समस्याएं

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम परिचालन परिमंडल के अधीक्षक अभियंता वीके गोयल द्वारा सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया गया कि उपभोक्ताओं की बिजली संबंधित शिकायत निवारण योगराज उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम द्वारा 3 नवंबर को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक स्थान एसई (ओपी) सर्कल, यूएचबीवीएन एक सभा आयोजित की जाएगी।

## पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने 53 विकास कार्यों का किया शिलान्यास

# अठारह वार्डों को 14.42 करोड़ की नायाब सौगात

**अंबाला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का पहिया निरंतरता में जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने रविवार को नगर निगम के तहत 18 वार्डों में साढ़े 14 करोड़ रुपये की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का कन्या के हाथों नारियल फोड़कर शिलान्यास करवाया। 1 करोड़ 7 लाख रुपये की लागत से खरीदे गए 18 इलेक्ट्रिकल (सफाई वाहनो) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री का यहां पहुंचने पर निगम सदस्यों व अन्य गणमान्य लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका भव्य अभिनंदन भी किया। गोयल ने इस मौके पर उपस्थित शहरवासियों को इन विकास कार्यों के शिलान्यास की बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में विकास कार्यों की नई इबारत लिखने का काम किया है। अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का यह पहिया निरंतरता में जारी है। लगातार अंबाला शहर में विकास कार्यो को तेजी से करवाने का काम किया जा रहा है। पूर्व राज्यमंत्री ने इस अवसर पर यह भी कहा कि पिछले 10 वर्षों अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में अनगिनत विकास कार्यों को करवाने का काम किया गया है। सभी जगहों पर समान रूप से विकास कार्यों को करवाते जनता को समर्पित किए गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश दिन रात चौगुनी करते हुए उन्नति के शिखर की ओर अग्रसर है। उन्होंने यह भी कहा कि अंबाला शहर में लगाई जाने वाली आईएमटी को लेकर मुख्यमंत्री स्वयं सचेत रहते हैं। उनका अंबाला से विशेष लगाव है। अधिकारियों से आईएमटी को लेकर वे समीक्षा भी करते हैं। आईएमटी के लगने से विकास की दृष्टि से जहां अंबाला मजबूत बनेगा वहीं युवाओं को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे। गोयल ने रविवार को गलियों के साथ नालों का निर्माण कार्य, बरसाती पानी की निकासी के लिए पीवीसी पाइप लाईन, शौचालयों का निर्माण कार्य, पार्किंग के निर्माण कार्य, गलियों में आरसीसी पाईप लाईन बिछाने का कार्य, गुरू गोबिंद सिंह लाइब्रेरी का सौंदर्यकरण के साथ-साथ अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

■ अधिकारीयों को कार्यशैली सुधारने के लिए अल्टीमेटम



**अंबाला।** विकास योजनाओं का शुभारंभ करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल।

### बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने इस मौके पर तुलसी विवाह, देवउठनी (नारायण भगवान), बाबा खाटू श्याम दिवस की भी सभी को बधाई देते हुए उनके जीवन में सुख समृद्धि आए उसकी भी प्रभु से कामना की। हरियाणा दिवस की भी बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा 60वें साल में प्रवेश कर गया है। हरियाणा विकास व तरक्की के मामले में उन्नति की ओर अग्रसर है। उन्होंने इस मौके पर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए संजय सेठी का स्वागत किया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनेगी।

### अधिकारियों को दी सख्त चेतावनी

पूर्व राज्यमंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि इससे पहले भी यहां पर लगभग 70 करोड़ रुपए की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया जिनमें से अधिकतर पर विकास कार्य प्रगति पर हैं। जिन परियोजनाओं पर अभी काम शुरू नहीं हुआ उन कार्यों को नगर निगम के अधिकारी जल्द से जल्द करना शुरू करे ताकि इन विकास कार्यों को जनता को समर्पित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि आज जिन विकास कार्यो का शिलान्यास किया गया है वे सभी कार्य अगले दस दिन तक धरातल पर शुरू हो जाने चाहिए। विकास कार्यों में किसी प्रकार की देरी सहन नहीं की जाएगी। इस दौरान असीम गोयल ने निगम अधिकारीयों को कड़े शब्दों में कार्यशैली में सुधार लाने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि बेहद जल्द एक रिपोर्ट तैयार कर सीएम नायब सैनी को भेजी जाएगी। बिहार विधानसभा चुनावों के संबंध में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब देते हुए असीम गोयल ने कहा /"2025 फिर से मोदी और नीतीश ये बिहार का नारा है। उन्होंने कहा कि एक नया बिहार जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार ने बनाया है उसे लेकर हर बिहार वासी के मन में विश्वास है और इस बार प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए सरकार बनने जा रही है।

### हुड्डा अपने चार नेताओं से बना लें तालमेल

कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष को लेकर पत्रकारों द्वारा किए गए सवाल पर प्रतिक्रिया देते असीम गोयल ने कहा कि हुड्डा पहले अपनी पार्टी के चार नेताओं से तालमेल बना लें,बाकि विधायकों की बाद में सोचें। 11 साल से उनका 4 नेताओं से तालमेल नहीं बना। नीचे हुड्डा का तालमेल और ऊपर राहुल गांधी का आशीर्वाद,भाजपा की सरकार यूं ही चलती रहेगी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नगर निगम से सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा, डिप्टी मेयर राजेश मेहता, सुंदर ढींगरा, निगम सदस्य यतिन बंसल, अर्चना छिब्बर, मोनिका मल, मनीष आन्नद मन्नी, हितेश जैन,रूबी सौदा,सरदूल सिंह,फकीर चंद,राकेश सिंगला,जसबीर सिंह, अमन सूद, दिनेश लदाना, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, आशीष टक्कर, जसविंद्र सिंह उगाड़ा, गुरविंद्र सिंह मानकपुर, संजीव गोयल टोनी, गुरप्रीत सिंह शाना,आशीष टक्कर,अनिल गुप्ता,अभिषेक सहोता,बरखा सहोता,मुकेश शर्मा,मनीष मल,बीनू गर्ग के साथ-साथ भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

**मेयर शैलजा सचदेवा ने गाय की सेवा की**

## गोमाता के भीतर 33 करोड़ देवी-देवताओं का वासः संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भारतीय जनता पार्टी की अंबाला शहर नगर निगम की पहली मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने रविवार को मोखा माजरा गौशाला में पहुंचकर गौ माता की सेवा ,पूजा अर्चना की। संतों के आशीर्वाद आशीष वचन सुने और इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर शहर की मेयर होने के नाते पहुंचते हुए उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गाय माता हम हिंदुओं के लिए एक पशु नहीं माता का स्वरूप है और उसी का ही सम्मान प्रत्येक हिंदू करता है । हमारे यहां रोज ही गोपाष्टमी होती है क्योंकि सनातनी हिंदू गाय को माता का दर्जा देते हैं। माता हमारे यहां पूजनीय है इसलिए केवल एक दिन की पूजा अर्चना हमारे लिए विशेष नहीं है हम रोज ही गौ माता की सेवा करते हैं और रोज ही पूजा करते हैं सेवा करते हैं। गौ माता हमें सब कुछ देने वाली है 33 करोड़ देवी देवताओं का वास गौ माता मैं होता है ।गाय का मूत्र, गाय का गोबर ,गाय का दूध और गौ माता की सेवा हमारे जीवन में सुख समृद्धि लाने के साथ-साथ हमारे बहुत से शारीरिक विकारों को दूर करते हैं। वही गाय का दूध अमृत के समान माना गया है गाय की सेवा करने से हमारे पुण्य जागृत होते हैं और घर में सुख समृद्धि आती है।



**अंबाला।** गायों की सेवा करती मेयर शैलजा संदीप सचदेवा। *फोटो :हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर गिरधारी लाल , नरेश छाबड़ा, हरीश सचदेवा, सतीश गुप्ता , प्रेम गुलाटी व गौशाला के अन्य पदाधिकारी और उपस्थित गणमानय व्यक्तियों ने वहां पहुंचने पर मेयर का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर संजय लाकड़ा ,मोहित ,कन्नू, मोनू , संतलाल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, नीरू बढेरा भी मौजूद रहे।



### पदक विजेता सम्मानित

**पंचकूला।** इंटर स्कूल खो खो अंडर-17 कॉम्पीटिशन में शनिवार को फाइनल मुकाबले में गवर्नमेंट हाई स्कूल पॉकेट 8 की टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। स्कूल की इस जीत पर गवर्नमेंट हाई स्कूल पॉकेट 8 की इंचार्ज रेनू बाला ने छात्रों को बधाई देते स्कूल परिसर में सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता गवर्नमेंट मिडल हाई स्कूल 35 द में आयोजित कि गई थी जिसमें प्रथम स्थान पर गवर्नमेंट मिडल हाई 42 कि टीम रहीं जबकि दूसरे स्थान पर गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल 35 कि टीम रही।



## गुरु नानक देव जी ने अपने मार्ग से भटके हुए लोगों को नाम से जुड़ना सिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

दिव्या ज्योति जाग्रति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में धन धन श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सत्संग एवं भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया।जिसमें सर्वश्री आशुतोष महाराज जी की परम शिष्या साध्वी रेनू भारती और साध्वी सीमा भारती ने श्रद्धालुओं को प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य बधाई देते बताया कि कार्तिक मास पूजा पाठ,जब तप ज्यादा से ज्यादा करने का महीना है,उन्होंने कहा कि कार्तिक मास का प्रत्येक दिन व्रत त्यौहार का दिन होता है। साध्वी भारती ने गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव के बारे में बताया कि गुरुजी ने नाम का प्रचार करते हुए अपने मार्ग में भटके लोगों को नाम के साथ जोड़ने और जीवन जीने का तरीका बताया। गुरु साहिब की कृपा से ही सभी कार्य संपूर्ण होते हैं। गुरु नानक ने कलयुग को तारने का कार्य किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को आराधना करने का गुरु मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि नाम जप कर कर्म ऐसा करना चाहिए कि परमात्मा अपने भगत को पूछे कि तुझे क्या चाहिए और जब नाम का रंग चढ़ जाता है,फिर मोह माया के चक्कर में मनुष्य नहीं पड़ता। उन्होंने साध संगत को बताया जब गुरु रामदास की देख रेख में स्वर्ण मंदिर गुरुद्वारा बन रहा था तो साध संगत सेवा कर रही थी तो उनका एक सेवक रेत से भरी बोरी लेकर आया तो गुरू जी ने उनकी यह सेवा भी स्वीकार की।

**साध्वी रेनू भारती ने साप्ताहिक सत्संग में श्रद्धालुओं को किया संबोधित**



**अंबाला।** श्रद्धालुओं को संबोधित करती साध्वी रेनू भारती। *फोटो :हरिभूमि*

---

## उद्यम प्रारम्भ करने के लिए योग्यता और रुचि के साथ परिश्रम करना बहुत जरुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गवर्नमेंट पीजी कॉलेज अंबाला छावनी में संस्थागत नवाचार परिषद तथा उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ की तरफ़ से /"उद्यमिता एवं नवाचार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का प्रारम्भ प्राचार्य प्रो (डॉ) देस राज बाजवा ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों में सृजनात्मकता का विकास करती हैं। कार्यशाला में उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ के संयोजक व वक्ता के रूप में प्रो. नायब सिंह ने कहा कि हमें उद्यम प्रारम्भ करने के लिए अपनी योग्यता तथा रुचि के अनुसार कार्य का चयन कर दृढ़ता के साथ परिश्रम करना चाहिए ताकि कार्य में सफलता प्राप्त की जा सके। उन्होंने नवाचार का अर्थ समझाते हुए कहा कि यदि उत्पाद को चिरस्थायी बनाना चाहते हैं तो हमें उत्पाद नवाचार को अपनाना होगा। इस कार्यशाला में 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्थागत नवाचार परिषद की संयोजक प्रो. शगुन आहूजा तथा टीम के अन्य सदस्य प्रो. रजनी, प्रो. गुरविंदर, प्रो. रविंदर, प्रो. अशोक, प्रो. सुरेश, प्रो. मंजेश तथा प्रो. नीलम उपस्थित रही।

**नवाचार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया**



**अंबाला।** कार्यशाला में मौजूद छात्र। *फोटो :हरिभूमि*

## दूधला मंडी से हिम्मतपुरा तक होगा जल्द से जल्द सड़क का निर्माण

■ हिल रोड से मरकरी स्कूल तक ड्रेन बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी, दोनों योजनाओं पर 90 लाख होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी कैंटोनमेंट क्षेत्र में अब सड़कों और जल निकासी की दशा में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। कैंटोनमेंट बोर्ड ने दूधला मंडी से हिम्मतपुरा तक सड़क निर्माण और हिल रोड से मरकरी स्कूल तक ड्रेन बनाने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इन दोनों कार्यों पर लगभग 90 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। बीते रोज कैंटोनमेंट बोर्ड कार्यालय में हुई बैठक में सीईओ राहुल आनंद शर्मा, अध्यक्ष और मनोनीत सदस्यों की मौजूदगी में इन प्रस्तावों को पारित किया गया। बोर्ड ने निर्माण कार्यों के लिए दो अलग-अलग एजेंसियों को ठेका सौंपा है ताकि जल्द से जल्द क्षेत्र की जनता को इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। शर्मा ने बताया कि स्लम क्षेत्रों में सड़कें लंबे समय से खराब हालत में थीं। वहीं, गुडगुडिया नाले के आसपास जलभराव की समस्या बार-बार सामने आती रही है। इन दोनों समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए सड़क और ड्रेन निर्माण जरूरी था। उन्होंने कहा कि कार्य आदेश जारी कर दिए गए हैं और निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा। बोर्ड के अधीन आने वाले क्षेत्रों में दूधला मंडी से हिम्मतपुरा तक नई सड़क बनाई जाएगी। इसके अलावा हीरेन रोड से आरएचए बाजार तक भी सड़क निर्माण कार्य किया जाएगा। इस परियोजना के लिए चार ठेकेदारों ने निविदा दाखिल की थी। इनमें सबसे कम निविदा 45 लाख 79 हजार 769 रुपए की लगी, जिसके बाद यह ठेका रंजीत नगर के ठेकेदार बल सिंह को दिया गया। इसके साथ ही हिल रोड से मरकरी स्कूल तक नई ड्रेन बनाई जाएगी।

### आवाजाही आसान होगी

ड्रेनों के इस कार्य के लिए पांच ठेकेदारों ने निविदा दाखिल की थी। बोर्ड ने सबसे कम बोली देने वाली सदर बाजार स्थित आरएन कंपनी को यह ठेका 44 लाख 97 हजार 870 रुपए में दिया है। बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि दोनों ही प्रोजेक्ट्स से क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। सड़कें बेहतर होने से आवाजाही आसान होगी और नई ड्रेनों के निर्माण से के दौरान जलभराव समस्या से राहत मिलेगी।

## हारे के सहारे, हमारे श्याम बाबा के जयकारों से गूंजी सिंहपुरा कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

वार्ड नंबर 15 सिंहपुरा मोहल्ला हारे के सहारे हमारे श्याम बाबा के जयकारों से गूंज उठा, अवसर था शिव सेवा मंडल सिंहपुरा की ओर से श्याम बाबा का जन्म महोत्सव का। यह कार्यक्रम बड़ी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान खाटू श्याम प्रेमियों द्वारा क्षेत्र में जगह-जगह अटूट लंगर लगाए गए। इस दौरान शिव मंदिर महिला मोर्चा की महिलाओं ने भजन व कीर्तन के माध्यम से बाबा जी का गुणगान किया और वातावरण को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। आरती और भजन संध्या के उपरांत शिव सेवा मंडल के सदस्यों ने बाबा के जयकारों के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया। महिलाओं ने नाच-गाकर अपनी श्रद्धा और उल्लास का प्रदर्शन किया।



**अंबाला।** कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुगण।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर लक्की बराड़ा, कमल, राजू, रोहित, रिशु, साहिल छाबड़ा, शानू गोयल, राहुल, अरुण ओबेरॉय, पारुल शर्मा, डॉ. कुलदीप शर्मा, सक्षम अरोड़ा, विनय शर्मा, शैंकी शर्मा, काका, दक्ष मलिक, कैलाश, पंकज सभरवाल, चिराग, आयुष गर्ग सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

## शहीदी दिवस पर पचास युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

धन-धन श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व और श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज के 350 साला शहीदी दिवस को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब में किया गया। शिविर का आयोजन श्री गुरु हरगोबिंद साहिब सेवा सोसायटी और हेमकुंड साहिब यात्रा जत्था के सहयोग से लगाया गया। शिविर में 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान करके पुण्य कमाया। इस मौके पर मौजूद सोसायटी के प्रधान व पूर्व एचएसजीएमसी सदस्य टीपी सिंह ने बताया कि रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित किया गया। इसमें भूपेंद्र सिंह चड्ढा, जेजे सिंह, कंवलजीत सिंह, सुमित खुराना, हरप्रीत सिंह और महिला विंग की प्रभारी कुलविंदर सिंह ने पूर्ण सहयोग दिया। इस मौके पर एक नई एंबुलेंस भी संगत की सेवा में समर्पित की गई। टीपी सिंह ने बताया कि मोहन होम्यो से डॉ. सरोज बाला व संगत के सहयोग से यह एंबुलेंस संगत की सेवा करेगी। एचएसजीएमसी के पूर्व उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह सहगल ने नई एंबुलेंस की चाबी चालक कृष्ण कुमार को सौंपकर इस सेवा की शुरुआत की। इस मौके पर एचएसजीएमसी से सदस्य गुरतेज सिंह, कार्यकारी सदस्य रूपिंद्र सिंह पंजोखरा साहिब, मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाड़ा, बलदेव सिंह कायमपुरी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

■ हेमकुंड साहिब यात्रा जत्था के सहयोग से लगाया

### हिंदू संगठनों का आरोप- पुलिस आश्वासन के बावजूद पास्टर सम्मेलन में पहुंची

# शांति सम्मेलन को लेकर विवाद बढ़ा, आंदोलन का ऐलान

**पास्टर कंचन मित्तल के शांति सम्मेलन को लेकर शुरू हुआ विवाद अभी थमा नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पास्टर कंचन मित्तल के शांति सम्मेलन को लेकर शुरू हुआ विवाद अभी थमा नहीं है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप), अग्रवाल समाज और अन्य हिंदू संगठनों ने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन की धमकी दी है। संगठनों का आरोप है कि प्रशासन और सम्मेलन आयोजकों ने जनता को धोखा दिया है। पास्टर कंचन मित्तल ने वादे के बावजूद कार्यक्रम में भाग लिया तथा लोगों को संबोधित भी किया। इसका एक वीडियो सामने आने के बाद संगठनों में रोष है। दरअसल मिशन अस्पताल परिसर में शुक्रवार को हुए इस शांति सम्मेलन से पहले ही विवाद शुरू हो गया था। विहिप और अग्रवाल समाज ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कार्यक्रम को रद्द करने की मांग की थी। उनका आरोप था कि इस कार्यक्रम की आड़ में धर्मांतरण की गतिविधियां चल रही हैं। विवाद बढ़ने के बाद प्रशासन ने आयोजकों से बातचीत कर यह भरोसा दिलाया था कि कंचन मित्तल कार्यक्रम में नहीं आएंगी। अब आरोप है कि प्रशासन और आयोजकों ने वादा तोड़ दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, कंचन मित्तल कार्यक्रम में मौजूद थीं और उन्होंने मंच से लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कुछ वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिनमें कंचन मित्तल को बोलते हुए दिखाया जा रहा है। इससे शहर में फिर से तनाव का माहौल बन गया है। विहिप के जिला मंत्री मोहित आहलूवालिया ने कहा कि प्रशासन ने हमें भरोसा दिया था कि कंचन मित्तल कार्यक्रम में नहीं आएंगी लेकिन यह साफ तौर पर विश्वासघात है। हिंदू समाज इस तरह की धार्मिक छल को बर्दाश्त नहीं करेगा।उन्होंने कहा कि विहिप ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



**अंबाला।** शांति सम्मेलन में मौजूद लोग। *फोटो :हरिभूमि*

### आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

आहलूवालिया ने कहा कि "यदि प्रशासन ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि कंचन मित्तल नहीं आएंगी, तो फिर उन्होंने कार्यक्रम को कैसे होने दिया? यह सब योजनाबद्ध तरीके से हुआ है।" उन्होंने चेतावनी दी कि विहिप आज इस मुद्दे पर उग्र प्रदर्शन करेगी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत का कहना है कि सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो और तस्वीरों की सत्यता की जांच की जाएगी। यदि यह प्रमाणित होता है कि प्रशासनिक अनुमति की शर्तों का उल्लंघन हुआ है, तो आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।